प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली के राजपथ पर तिरंगा फहराया और कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी ली। इस दौरान भारत के विकास, ताकत और विरासत की झलक देखने को मिली। कर्तव्य पथ पर विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की झांकियां भी निकाली गयीं।

*****************

दिल्ली में कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी शामिल हुई। झांकी में झारखंड की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक तो दिखी ही, झांकी के जरिये टाटा समूह के पूर्व प्रमुख रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी दी गई। रतन टाटा का संबंध झारखंड के सबसे बड़े उद्योग टाटा स्टील से रहा है। झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम का भी प्रदर्शन झांकी में किया गया। झारखंड की झांकी को काफी सराहा गया।

*****************

इधर, झारखंड में भी गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना से मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उन्होंने चौवालीस पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को पदकों से अलंकृत भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है, जिसका आधार संविधान है।

*****************

उधर, उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली जुली परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विकास आधारित झांकियां भी निकाली गईं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा जनहित में उठाये जा रहे कदमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के साथ युवाओं पर भी ध्यान दे रही है।

*****************

झारखंड विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारी संस्कृति में रची–बसी है।

*****************

राज्य के अन्य जिलों में भी गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। पलामू जिले में गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन स्टेडियम में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

*****************

लोहरदगा में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झंडोत्तोलन किया, जबकि देवघर में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हिफाजुल हसन अंसारी ने केके स्टेडियम में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

*****************

पेयजल, स्वच्छता एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो के पुलिस लाइन मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं गिरिडीह के झंडा मैदान में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

*****************

इधर, जमशेदपुर में बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ध्वजारोहण किया। उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया, जहां भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पाकुड़ जिले में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झंडोत्तोलन किया और परेड का निरीक्षण किया।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 303 पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति होगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

*******समाप्त*******